छात्राओं ने चार्ट के माध्यम से दिया जागरूकता का संदेश

पावटा। माध्यमिक विद्यालय पावटा में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय किशोरी शैक्षिक उत्सव एवं किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मवीर जिंदोलिया रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य संतोष कुमार मीणा ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान किशोर-किशोरियों में शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक बदलाव होते हैं।

करवास में छठे दिन भी जारी रहा अनिश्चित कालीन धरना, मातृशक्ति ने भरी हुंकार

ज्यादा मतदाता, बड़ा स्कूल...फिर भी करवास के साथ घोर अन्याय

कोटपूतली । लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव यानी मतदान में अपने मताधिकार को सुरक्षित रखने और गांव के भीतर ही पृथक मतदान केंद्र (पोलिंग बूथ) स्थापित करने की मांग को लेकर ग्राम करवास के ग्रामीणों का आक्रोश सातवें आसमान पर है। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती 02 अक्टूबर से शुरू हुआ ग्रामीणों का यह बेमियादी धरना बुधवार को लगातार 06 वें दिन भी पूरी ताकत के साथ बदस्तूर जारी रहा। बुधवार को धरने की अध्यक्षता सीताराम प्रजापत ने की। धरने का नेतृत्व कर रहे ओमप्रकाश आर्य ने कहा कि यदि करवास में स्वतंत्र बूथ नहीं दिया जा सकता, तो बनका पंचायत के ही एक हिस्से 'बालकान की ढाणी' रोड पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया जाए। यह स्थान बीच में पड़ता है और इससे ग्रामीणों की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस धरने पर अब तक किसी भी राजनीतिक दल का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा है और ग्रामीण अपने दम पर हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि प्रशासन, तहसीलदार, पटवारी और कानूनगो की एकतरफा रिपोर्टों पर भरोसा कर रहा है। उनकी मुख्य मांग है कि अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की मौजूदगी में रास्ते का निष्पक्ष भौतिक सत्यापन किया जाए, लेकिन प्रशासन ना तो रास्ते की सुध ले रहा है और ना ही जनता के सामने सत्यापन करने को तैयार है। धरणार्थी ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, दोबारा निष्पक्ष भौतिक सत्यापन नहीं होता और करवास-बनका मुख्य मार्ग से जलभराव खत्म कर पक्की सड़क नहीं बनती, तब तक यह आंदोलन समाप्त नहीं होगा और आने वाले दिनों में इसे और उठा किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने वातानुकूलित कमरों में बैठकर, जमीनी रास्तों का वास्तविक भौतिक सत्यापन किए बिना महज 'गूगल मैप्स' के सहारे कागजी खानापूर्ति कर ली है। कागजों में करवास से बनका मतदान केंद्र की दूरी को महज 3 से 3.5 किलोमीटर का सीधा और सुगम मार्ग दर्शा दिया गया है, लेकिन हकीकत में यह रास्ता खौफनाक नदी-नालों का दलदल है। ग्रामीणों ने प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए कहा कि जिस रास्ते को सुगम बताया गया है, वहां 5 से 20 फीट चौड़े नाले हमेशा कीचड़ और गंदे पानी से लबालब भरे रहते हैं। इसके अलावा ऊपर से गुजरने वाला स्टेट हाईवे बिना किसी कट, अंडरपास या ओवरब्रिज के एक 'डेथ हाईवे' बन चुका है। पानी की निकासी के लिए बना 5 5 फीट का संकरा होल भी हमेशा ब्लॉक रहता है। ग्रामीणों ने दोटूक कहा कि अगर प्रशासन का कोई भी अधिकारी इस दिखाए गए रास्ते या संकरे होल से निकलकर दिखा दे, तो ग्रामीण अपनी मांग तुरंत छोड़ देंगे और उसी रास्ते से मतदान के लिए चले जाएंगे।



2 अक्टूबर से शुरू हुआ धरना बुधवार को 6 वें दिन भी जारी रहा।

- छठे दिन भी गूंजी हक की आवाज, ग्रामीणों ने प्रशासन को दी खुली चुनौती
- करवास के ग्रामीणों ने सुझाया बीच का रास्ता-बालकान की ढाणी में बने मतदान केंद्र

ग्रामीणों ने प्रशासन पर राजनीतिक रसूखदारों के ईशारे पर काम करने का संगीन आरोप लगाते हुए 2011 की जनगणना के चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक ग्राम करवास की कुल आबादी 1655 है और यहां कुल 1316 मतदाता हैं। गांव में 12 वीं तक का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय है और कुल 5 वार्ड हैं। इसके विपरीत ग्राम बनका (मुख्यालय जिसे बूथ मिला है) की कुल आबादी 1691 है, लेकिन वहां करवास से कम (1258) मतदाता हैं।

कोटपुतली में 25 दिव्यांगों को कंबल बांटे

कोटपूतली । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा महात्मा बुद्ध संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार चलाए जा रहे समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत डाबला रोड स्थित स्वयंसिद्धा आश्रम में विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह समापन समारोह पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के सचिव डॉ. एच. एन. धोलीवाल ने वरिष्ठ नागरिकों और विशेष योग्यजनों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र को दोहराते हुए कहा कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा है'। डॉ. धोलीवाल ने समाज के हर वर्ग से अपील की कि हमें दीन-दुखियों, बेघर, निराश्रित, असहाय और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए और उनकी सेवा को अपने जीवन का मुख्य ध्येय बनाना चाहिए। उपप्राचार्य उमराव लाल ने कहा कि समाज के वंचित और पीड़ित वर्ग को सुरक्षा, संरक्षण और उचित माहौल देना हम सभी का दायित्व है।

खोया पाया

मेरे मकान 31/61/5, मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र 2/10/2026 को वरुण पथ पर गिर/ गुम हो गए मिलने पर सूचित करें- सत्यनारायण- 9828048075

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त- प्रथम
राजस्थान आवासन मंडल, वृत- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 802 जाहिर आम सूचना दिनांक: 12.05.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 164/286 (MIG-B) का आवंटन श्री प्रकाश चन्द पुत्र श्री गोविन्द सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4502 दिनांक 30.11.2004 को जारी किया गया था। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 09.01.2017 को कर दिया गया। श्री प्रकाश चन्द की मृत्यु दिनांक 09.12.2007 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री प्रकाश चन्द द्वारा आवासन मण्डल में पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री प्रकाश चन्द्र का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
भवदीय, संपदा प्रबंधक,वृत प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक 3419 आम जाहिर सूचना दि.06.10.2026
राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश जारी पत्र क्रमांक 13644 दिनांक 16.03.2022 जारी कर आवास संख्या-1/ख/8 जवाहर नगर जयपुर का हस्तान्तरण श्री सौरभ माथुर एवं श्री ऋषभ माथुर के पक्ष में किया गया था। तत्पश्चात श्री सौरभ माथुर एवं श्री ऋषभ माथुर पुत्रान स्व.श्री गोविंद रतन कुमार के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्रीमती नित्या भाटिया पत्नी श्री कपिल भाटिया को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर एकादश में दिनांक 26.08.2025 को पंजीबद्ध करवाया गया। तत्पश्चात क्रेती श्रीमती नित्या भाटिया पत्नी श्री कपिल भाटिया के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्रीमती हेमलता चन्दानी पत्नी श्री प्रदीप चन्दानी एवं छवि चन्दानी पुत्री श्री प्रदीप चन्दानी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर एकादश में दिनांक 12.06.2026 को करवाया गया। श्रीमती हेमलता चन्दानी पत्नी श्री प्रदीप चन्दानी एवं छवि चन्दानी पुत्री श्री प्रदीप चन्दानी के द्वारा आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेतीयों का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती हेमलता चन्दानी पत्नी श्री प्रदीप चन्दानी एवं छवि चन्दानी पुत्री श्री प्रदीप चन्दानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक- राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय, जयपुर।

आम-सूचना "नरेश कुमार नायक पुत्र श्री सत्यनारायण नायक योजना वृन्दावन विहार के भूखण्ड सं. 80-ए के मूल दस्तावेज गुम हो गये है जिस बावत श्रीमती रूकैय्या द्वारा गुमशुदगी रपट सं. 7 दिनांक 02.01.2017 को पुलिस थाना वैशाली नगर, जयपुर में दर्ज करवाई है तथा उक्त रिपोर्ट की प्रतिलिपि, शपथ पत्र एवं विक्रय पत्र को समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये तथा डुप्लीकेट पट्टा जारी करने बावत समिति से कहा गया। यदि उक्त भूखण्ड का डुप्लीकेट पट्टा, रसीद व साईड प्लान जारी करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में सूचित करे, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड) एडवोकेट, मोबाईल नं. 9314511091

आम-सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य सुनील कुमार नवाल पुत्र स्व. श्री बजरंगलाल नवाल, आयु-58 वर्ष, निवासी-फ्लैट नं. 117, ब्लॉक नम्बर-5, रंगोली गार्डन, महाराणा प्रताप मार्ग, पांच्यावाला, जयपुर का है, जिनका पुत्र कार्तिक नवाल मेरे अभिभाष्य के कहने में नही है और मेरे अभिभाष्य तथा उसकी पत्नी श्रीमती सीमा नवाल को ब्लैकमेल करता रहता है। इस कारण मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है, आज के पश्चात् मेरे अभिभाष्य के पुत्र से मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी का कोई संबंध नही है एवं मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी की सम्पत्ति में उसका कोई हक व अधिकार नही होगा और जो कोई इससे किसी प्रकार का संव्यवहार, लेन-देन अथवा कोई सामाजिक संबंध स्थापित करेगा तो वह अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर करेगा।
जयपुर (सुनील कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनांक : 07/10/2026 मो.नो 9414054768

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय ADJ चाकसू स्थान.....
नाथूलाल विरूद्ध रामजीलाल
वाद बाबत 99/26
बनाम प्रदीप कुमार पुत्र रामदास अरोडा निवासी 141-ए, डब्ल्यू.एच.ओ. कॉलोनी अम्बावाडी, जयपुर, राज. ... ने आपके विरूद्ध ..... के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 17 माह 11 सन 2026 को दिन में 10.30 ए.एम. बजे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित सभी वारदान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आपस उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखि/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या सुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें। आपको सूचित किया जाता है यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह प्रार्थना पत्र ता. 07 माह 10 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
मोहर अदालत — अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम चाकसू

खोया पाया

मेरे मकान 13/289 मालवीय नगर जयपुर का मूल नियमितीकरण, नोड्यूज सर्टिफिकेट- जवाहर सर्किल पर कहीं गिर गए है मिलने पर सूचित करें- सुषमा गुप्ता 9799327748

मेरे मकान 13/297 मालवीय नगर जयपुर का मूल नियमितीकरण, नोड्यूज सर्टिफिकेट- जे.एल.एन. मार्ग पर कहीं गिर गए है मिलने पर सूचित करें- सुषमा गुप्ता 9799327748

आवास सं 13/451 मानसरोवर जयपुर का मूल कब्जा पत्र व अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। Abhya Johri मो. 9509973719

मेरे भूखंड सं. सी-2 तोपखानादेश गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना देवी चिरंजीवी कॉलोनी जयपुर का मूल जे.डी.ए.पट्टा,साईट प्लान एवं पट्टे के साथ लगे स्टाम्प पेपर और पंजीकृत वसीयतनामा कही गुम हो गयी है सूचित करे। वसुंधरा शर्मा मो.8890429762


प्लॉट संख्या- A-15, हरचन्दपुरा डेयरी योजना, जे डी ए द्वारा जारी मूल कब्जा पत्र एवं आवंटन पत्र गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करे। मोहन लाल यादव-9314048864

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर प्लॉट नं. 13-A के पट्टा, साइट प्लान, रसीद एवं अरविंद नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर के संबंधित दस्तावेज कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सूचित करें। नवीन बैद, मो.9435196380

नाम परिवर्तन

मेरा नाम कमला शंकर शर्मा (Kamala Shankar Sharma) पुत्र गिरधारी लाल शर्मा था। मैंने बदलकर कमला शंकर शर्मा (Kamla Shankar Sharma) रख लिया है। भविष्य में मुझे कमला शंकर शर्मा (Kamla Shankar Sharma) के नाम से जाना जावें। प्लॉट नं.-65, जय भारत नगर, गुर्जर की थडी, जयपुर

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

3 से 7 पीढ़ियों तक का विवरण शामिल

टोंक। पूर्व रियासत टोंक के नौ नवाबों के खानदानों की वंशावली (शिजरा) पहली बार पूर्ण रूप से तैयार की गई है। इसमें प्रत्येक खानदान की 3 से 7 पीढ़ियों तक का विवरण शामिल किया गया है। पूर्व नवाब आफताब अली खां ने शिजरे को प्रकाशन के लिए जारी करते हुए इसकी सफलता की शुभकामनाएं दीं। याकूब अली खां ने बताया कि टॉक के नवाबों के खानदानों का शिजरा पहली बार असगर अली आबरू ने वर्ष 1901 में उर्दू में शहदीका-ए-राजस्थान टॉकश नाम से प्रकाशित किया था। इसमें चार नवाबों के खानदान का विवरण नवाब इब्राहीम अली खां के मध्य दौर तक था और केवल दो पीढ़ियों का उल्लेख किया गया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद अन्य वंशजों ने भी अपने-अपने खानदानों की वंशावली हस्तलिखित या प्रकाशित रूप में तैयार करवाई।

टोंक में राज्य स्तरीय अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता का भव्य समापन

- श्रीगंगानगर बना विजेता व भीलवाड़ा उपविजेता

टोंक। जिला मुख्यालय स्थित मदरलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सात दिवसीय आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयी क्रीडा प्रतियोगिता के छात्र वर्ग अंडर-17 हॉकी का बुधवार को भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ।

सात दिनों तक चले इस रोमांचक खेल महाकुंभ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवा हॉकी खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना से खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। मदरलैंड के निदेशक कमलेश सिंगोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में श्रीगंगानगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भीलवाड़ा को 1-0 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। शुरुआती तीन क्वार्टर में दोनों टीमें गोल के लिए संघर्ष करती रहीं और स्कोर 0-0 रहा। निर्णायक चौथे क्वार्टर में श्रीगंगानगर ने महत्वपूर्ण गोल दागकर मुकाबले का रुख अपनी ओर कर लिया और अंत तक बढ़त कायम रखते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 40 टीमों के 702 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। गांधी खेल मैदान एवं सआदत पैवेलियन ग्राउंड पर हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने तेज रफ्तार, शानदार पासिंग, ड्रिब्लिंग, आक्रमण और बेहतरीन गोल कीपिंग का प्रदर्शन किया। मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी भी मैदान पर मौजूद रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमन्त कुमार दीक्षित व विशिष्ट अतिथि पार्षद रामदेव गुर्जर तथा खेल प्रशिक्षक अनिल गुप्ता रहे, जिन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण- पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि खेल केवल जीत- हार का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, संघर्ष, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। खिलाड़ियों को हार से सीख लेकर निरंतर आगे बढ़ने तथा खेल के साथ शिक्षा पर भी समान रूप से ध्यान देने का संदेश दिया गया। आयोजन समिति एवं मदरलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक कमलेश सिंगोदिया ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग, निर्णायकों, शारीरिक शिक्षकों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त कियें।

सरपंच प्रत्याशी के लिए जाली ओबीसी प्रमाण पत्र बनाया

कोटपूतली । पंचायतीराज चुनावों की सरगर्मी के बीच क्षेत्र की पवाना अहीर ग्राम पंचायत से एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक महिला सरपंच प्रत्याशी को चुनावी पात्रता दिलाने के लिए फर्जी ओबीसी प्रमाण पत्र तैयार करने का सनसनीखेज आरोप लगा है। मामला उजागर होने के बाद से स्थानीय प्रशासनिक हल्कों और चुनावी गलियारों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम योगेष सिंह देवल को ज्ञापन सौंपा हैं। सामने आई जानकारी के अनुसार पवाना अहीर की महिला सरपंच प्रत्याशी का पीहर (मायका) पड़ोसी राज्य हरियाणा में स्थित है। आरोप है कि कोटपूतली के एक ई-मित्र संचालक ने नियमों को ताक पर रखकर मिलीभगत और एडिटिंग के जरिए इस महिला प्रत्याशी के नाम से एक फर्जी ओबीसी प्रमाण पत्र तैयार कर दिया। इस पूरे फर्जीवाडे की सबसे गंभीर बात यह है कि ई-मित्र संचालक ने प्रमाण पत्र को असली रूप देने के लिए उस पर उपखंड अधिकारी (एसडीएम) के हस्ताक्षर भी कथित तौर पर फर्जी तरीके से अंकित (स्कैन या एडिट) कर दिए। सरकारी दस्तावेजों और उच्चाधिकारी के हस्ताक्षरों के साथ हुई इस धोखाधडी ने प्रशासन को भी चौंका दिया है। जैसे ही इस पूरे फर्जीवाड़े की भनक पवाना अहीर क्षेत्र के लोगों को लगी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

इतलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिकी के
(आदेश 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)
न्यायालयः अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम 04, कोटपूतली, जिला कोटपूतली - बहरोड
बउनवान इजराय- राजेश सैनी बनाम उदयसिंह तंवर
मुकदमा न. 03/2026 CIS No. न. 33/2026
आगामी तारीख पेशी 7.10.2026
यह कि मदयून- उदयसिंह तंवर पुत्र श्री देशराज सिंह तंवर निवासी आदर्श नगर, टेलीफोन एक्सचेन्ज के सामने कोटपूतली।
उक्त डिकीदार- राजेश सैनी पुत्र श्री रूडमल सैनी निवासी श्याम मन्दिर के पीछे कोटपूतली. ने इस न्यायालय में उक्त याचिका जेर प्रार्थना दीवानी इजराय राजेश सैनी बनाम उदयसिंह तंवर मुकदमा न0 03/2026 CIS No. न0 33/2026 आगामी तारीख पेशी 7.10.2026, के निष्पादन हेतु आवेदन किया है।
अतः आपको आदेश चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 07.10.2026 को समय 10.30 ए.एम में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगें तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटरा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
आदेश आज दिनांक 07.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
मोहर अदालत — डॉ. सुरेश कुमार, अपर जिला न्यायाधीश क्रम-04 कोटपूतली, जिला-कोटपूतली-बहरोड

कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए

मनोहरपुर । मनोहरपुर कस्बे में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) हनुमान प्रसाद ने मंगलवार को मनोहरपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। एसपी के अचानक थाने पहुंचने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। थाना परिसर पहुंचने पर डीएसपी लक्ष्मीनारायण सैनी और थानाधिकारी आशुतोष कुमार ने पौधा भेंट कर एसपी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पुलिस जवानों ने एसपी को सलामी दी और गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। एसपी हनुमान प्रसाद ने थाने में रहकर हर व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

सबसे पहले उन्होंने संतरी पहरा, हवालात, मालखाना और रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। सीसीटीएनएस सिस्टम पर दर्ज एफआईआर और उनकी प्रगति को चेक किया। महिला हेल्प डेस्क और स्वागत कक्ष की व्यवस्थाएं देखीं और वहां मौजूद परिवादियों से भी बातचीत की। थाने के शस्त्रागार और वाहनों की स्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में लंबित पड़े पुराने मामलों की फाइलें देखीं और एसएचओ को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर रिपोर्ट पेश की जाए। बाद में एसपी ने डीएसपी और एसएचओ के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा पुलिस का पहला काम जनता में विश्वास पैदा करना है। थाने में आने वाले हर फरियादी की बात इज्जत से सुनी जाए और उसकी शिकायत पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई हो। कोई भी पीड़ित थाने से निराश होकर न लौटे। कस्बे में रात 2 बजे तक युवाओं के नशे में घूमने और फट-फट साइलेंसर वाली बाइकों से हो रही परेशानी पर तुरंत रोक लगाई जाए। रात में पुलिस लगातार गश्त करें। बिना हेलमेट, तीन सवारी और तेज आवाज वाले साइलेंसरों पर विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। कस्बे में अवैध शराब और नशीले पदार्थ बेचने वालों को चिन्हित करे ।

सेवा सेतु अभियान के शिविर 16 अक्टूबर तक

कोटपूतली । राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को विभिन्न नागरिक सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान-2026 के तहत नगर परिषद कार्यालय कोटपूतली में 7 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2026 तक 8 कार्य दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सभी शिविर नगर परिषद कार्यालय में आयोजित होंगे तथा इनका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण नगर परिषद क्षेत्र रहेगा। अभियान के तहत शिविरों का आयोजन 8, 9, 12, 13, 14, 15 एवं 16 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। शिविरों का समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। सेवा सेतु अभियान के तहत शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ सीसी एवं डामर सड़कों की मरम्मत तथा पेचवर्क, स्ट्रीट लाइटों का रख-रखाव एवं खराब लाइटों को दुरुस्त करने के कार्य किए जाएंगे। अंधेरी एवं सुनसान सड़कों पर आवश्यकतानुसार नई स्ट्रीट लाइटें लगाने के साथ प्रमुख चौराहों, डिवाइडरों, पार्कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों के रख-रखाव से संबंधित कार्य भी किए जाएंगे। शिविरों में नालियों की मरम्मत, फेरोकवर एवं मैनहोल्स को दुरुस्त करने, सीवर लाइन लीकेज की समस्या का समाधान करने तथा आवश्यकतानुसार नए सीवर कनेक्शन जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान नागरिकों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करने के साथ अनुमोदित योजनाओं के पट्टे, धारा 69-ए, 91-ई, 50-बी एवं 60-सी के तहत पट्टे जारी करने संबंधी कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, उपविभाजन एवं पुनर्गठन, खांचा भूमि से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण, लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र तथा भवन निर्माण स्वीकृति से जुड़े प्रकरणों का भी निस्तारण किया जाएगा। नागरिकों को यूडी टैक्स जमा कराने की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध रहेग । शिविरों में आमजन के लिए जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, साइनेज लाइसेंस, ओएफसी एवं मोबाइल टावर एनओसी तथा ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र जारी करने से संबंधित कार्य भी किए जाएंगे। सेवा सेतु अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर पात्र नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के लिए नए आवेदन भी लिए जाएंगे तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। नगर परिषद प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में नगर परिषद कार्यालय में आयोजित शिविरों में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएं तथा आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः4206 दिनांकः07/10/2026
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास/ फ्लैट संख्या 61/187 (MIG-B) का आवंटन डॉ. अनिल माहेश्वरी पुत्र श्री जी.सी. माहेश्वरी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4784 दिनांक 15.06.1994 को जारी किया गया था। इनके पक्ष मे पंजीयन पत्रो निष्पादन दिनांक 20.03.1995 को कर दिया गया। डॉ. अनिल माहेश्वरी द्वारा उक्त आवास को श्री रामनिवास मीणा पुत्र श्री जगन लाल मीणा को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 19.08.1998 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया। श्री रामनिवास मीणा द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर मण्डल रिकार्ड मे इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 1627 दिनांक 29.08.1998 के द्वारा इनका नाम दर्ज किया गया श्री रामनिवास मीणा की मृत्यु दिनांक 29.10.2009 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री कमलेश मीणा पुत्र स्व. श्री रामनिवास मीना द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री कमलेश मीणा पुत्र स्व. श्री रामनिवास मीना का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर नगर जोन) नगर निगम जयपुर
(अम्बाबाड़ी सर्किल, अम्बाबाड़ी, जयपुर)
क्रमांकः- एफ-55 ()वि.जोन/ज.न.नि./2026/2290 दिनांकः 07.10.2026
सार्वजनिक सूचना भूखंड सं. 386, संजय नगर बी, झोटवाड़ा, जयपुर (नवजीवन गृह.नि.स.स) का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती राजबाला पत्नी श्री किशनपाल के पक्ष में दिनांक 26.02.2001 को क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज भूमि का लीज डीड पट्टा जारी किया गया था। श्रीमती राजबाला पत्नी श्री किशनपाल ने सन 2007 में अपंजीकृत इकरारनामा के आधार पर उक्त भूखंड श्री अब्दुल रशीद खान पुत्र श्री अब्दुल हामिद खां को बेचान कर दिया। श्री अब्दुल रशीद खान ने उक्त भूखंड पंजीकृत उपहार पत्र श्रीमती शबनम खान पत्नी श्री अब्दुल रशीद खान के पक्ष में कर दिया। श्रीमती शबनम खान पत्नी श्री अब्दुल रशीद खान ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 05.11.2024 के द्वारा भूखंड श्री मोहम्मद शकील पुत्र श्री युनुस मोहम्मद को बेचान कर दिया। आवेदक श्री मोहम्मद शकील पुत्र श्री युनुस मोहम्मद द्वारा भूखंड सं. 386, संजय नगर बी, झोटवाड़ा, जयपुर क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज का नाम हस्तांतरण अपने पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही संपादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त विद्याधर नगर जोन, नगर निगम जयपुर

आम सूचना दिनांक 5.10.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री त्रिवेन्द्र शर्मा पुत्र श्री मदनलाल निवासी भीमपुरा गोहंदी जयपुर के द्वारा श्रीमती संध्या सुदेशसिंग परदेशी पत्नी श्री सुदेशसिंग परदेशी निवासी भांजी मडई जबल बंदेलपुरा बीड महाराष्ट्र 431122 से इनके स्वामित्व का प्लाट नंबर 168 रानी सति नगर अजमेर रोड जयपुर राज. 302021 कुल क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज को क्रय करने का सोदा जरिये इकरारनामा दिनांक 3.4.2026 के द्वारा कर उक्त इकरारनामा नोटरी पब्लिक से रजिस्टर्ड अटेस्टेड करवाया गया है तथा अब मेरा अभिभाष्य उक्त प्लाट का विक्रय पत्र अपने हक मे रजिस्टर्ड करवा रहा है अगर किसी भी दीगर व्यक्ति संस्था को इसमे किसी प्रकार की उज्र, आपत्ति हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन के पश्चात 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। अन्यथा उसके पश्चात किसी प्रकार की उज्र आपत्ति स्वीकार नही होगी। भवदीय
रमेश धायल (एडवोकेट)
राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर। मो. 9829048434

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 07/2026/D-493 आम सूचना
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 329678 दिनांक 08/09/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी /लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	ग्र.नि.स. सं./निजी खातेदारी /जविप्रा योजना	योजना का नाम
1.	Ajay Sharma S/o Lt. Som Prakash Sharma	श्री सोम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री देव किशन जी एवं श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री सोम प्रकाश शर्मा	66	138.89 Sq. yard	JDA	VAISHALI NAGAR Sector/ Block- C

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta)
कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज	पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, लीजडीड, वाद-विवाद शपथ पत्र

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक 3361 आम जाहिर सूचना दि.30.09.2026
राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या-8/H/110 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 239.40 वर्ग मीटर का आवंटन श्री भौरी लाल, श्री बिरदी चन्द, श्री छीतर पुत्रान श्री नैन्या को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2066 दिनांक 19.10.2006 जारी किया गया था। उक्त आवंटन पत्र अपंजीकृत है। श्री भौरी लाल, बिरदी चन्द श्री छीतर पुत्रान् श्री नैन्या के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व.डॉ. श्री राधेश्याम शर्मा को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर अष्टम् में दिनांक 26.12.2011 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व.डॉ. श्री राधेश्याम शर्मा के द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र नमिता सोनी पुत्री श्री बृज मोहन सोनी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर अष्टम् में दिनांक 11.11.2024 को करवाया गया। तत्पश्चात नमिता सोनी पुत्री श्री बृज मोहन सोनी के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र रिचा बाना पुत्री श्री श्रीपाल सिंह बाना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर अष्टम् में दिनांक 01.08.2025 को करवाया गया। रिचा बाना पुत्री श्री श्रीपाल सिंह बाना के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का हस्तान्तरण अपने पक्ष में कर भूखण्ड का नवीन पट्टा अपने पक्ष में जारी करने का निवेदन किया गया है। उक्त के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता रिचा बाना पुत्री श्री श्रीपाल सिंह बाना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर उनके पक्ष में उक्त भूखण्ड का नवीन पट्टा जारी करने की कार्यवाही कर दी जायेगी।
सम्पदा प्रबंधक- राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय, जयपुर।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-टेन्डर निविदा सूचना EPC मोड के आधार पर सिंगल स्टेज टू पैकेट सिस्टम
उप मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उ. प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा का ऑन लाईन ई-टेन्डर आमंत्रित किया जाता हैं। निविदाकार अपना मूल/परिवर्तित प्रस्ताव ई. निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑन लाईन भर दें। **क्र. सं. 1. ई-टेन्डर नोटिस संख्याः** बोली/पैकेज नंबर EL-PROJ-PSI- All-EPC-01; **2. कार्य का नाम व लोकेशनः** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के अजमेर डिवीजन के मदार (एमडी) भिनवलिया (बीडब्ल्यूए) सेक्शन में 2x25 इट ट्रैक्शन सिस्टम (स्कॉट कनेक्टेड ट्रांसफॉर्मर) के तहत 132/55 KV ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग पोस्ट (SPs) और सब-सेक्शनिंग पोस्ट (SSPs) का डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। **3. अनुमानित लागतः** रूपये 260,40,64,851.18/-; **4. धरोहर राशिः** रूपये 5,20,81,300.00/-; **5. कार्य पूरा होने की अवधिः** 720 दिन; **6. ई-टेन्डर भरने की अंतिम तिथि और समयः** 08.12.2026(13:00 hrs.). **7. वेबसाईट का विवरणः** www.ireps.gov.in. **नोटः** कोई भी मैन्युवल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा।
1443-AM/26
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1. एनआईटी संख्याः** ईएल-जेपी-45 आर-III-2025-26; **कार्य का नामः** Bandikui: Electrical work in connection with Construction of 120 bedded staff barrack, 30 bedded ladies barrack & 20 bedded officers barrack for RPF training center. **अनुमानित लागतः** 6830110.78/-; **बयाना राशिः** 136600/-; **निविदा खोलने की तिथिः** 28.10.2026; **क्र.सं.2.** ईएल-जेपी-1 आर-2026-27; **कार्य का नामः** JP Division-Electrical work in connection with [1] Const of multistore 100 bed barrack with all facilities including road at.RPF line barrack No-2 at Jaipur, [2] New Construction RPF out post Sikar and BNLW 10-10 Bed barrack with centralizes cooling system and furniture, [3] Construction of RPF barrack (10 beds) and post along with furniture at Lalsot, [4] Provision of Interlocking of 02 Nos. of manned LC gates i.e. LC-240 & 294 in SIKR-LHU section over Jaipur Division. **अनुमानित लागतः** 8856401.50/-; **बयाना राशिः** 177100/-; **निविदा खोलने की तिथिः** 28.10.2026; **नोटः ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समयः** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक; **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद। **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः** http://www.ireps.gov.in
1442-AM/26
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

भाजपा ने निकाली सेवा ज्योति कलश यात्रा, विकसित भारत का संदेश



पीएम मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली ।

- एक दशक के भीतर 25 करोड लोग गरीबी सेवा से बाहर आए हैं

भरतपुर (निसं)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस की श्रृंखला सेवा संकल्प अभियान के तहत एवं प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। सेवा ज्योति कलश यात्रा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में तथा जिला प्रभारी मंत्री सुरेश रावत के मुख्य आतिथ्य में यातायात चौराहे से प्रारंभ कर पैदल मार्च करते हुए बिजली घर पर जाकर संपन्न हुई। जबकि ज्योति कलश पूर्व कमांडेंट ओमवीर सिंह के हाथों ले जाया गया। ज्योति यात्रा से पूर्व एमएसजे कॉलेज ग्राउंड में सुबह वंदे मातरम का गायन हुआ तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनता के नाम वर्चुअल संबोधन हुआ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा की जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बडी ताकत है सार्वजनिक जीवन और शासन में अपने 25 साल पूरे होने पर सेवा, समर्पण, उद्देश्य और साहस के मूल्य पर जोर दिया। देश की प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वी विल डू इट शहम यह करेंगेश् का नारा दिया और प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प को कई बार दोहराया कि हम विकसित भारत का निर्माण करेंगे। गरीबी उन्मूलन का जिक्र करते हुए कहा कि एक दशक के भीतर 25 करोड लोग गरीबी सेवा से बाहर आए हैं देश की अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि भारत को प्रजायल फाइव ष्कमजोर पांचष् देश से निकलकर टॉप फाइव वाली अर्थव्यवस्था में शामिल किया गया है । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नितिन नवीन ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन और जन सेवा के 25 साल की यात्रा अनवरत अविचल और अथक रही है प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक कई ऐतिहासिक फैसले किए हैं इसलिए आज का दिन भारत के इतिहास में याद रहेगा। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओ, बुनियादी ढांचे, राष्ट्रीय सुरक्षा और महिलाओं की सशक्तिकरण का भी उल्लेख किया। नितिन नवीन ने विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं से निरंतर काम करते रहने का भी आव्हान किया ।